Sixteenth Loksabha

>

Title: Need to expedite construction of Iqbalpur Canal in Haridwar district, Uttarakhand.

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार) : आदरणीय सभापति जी, मेरा लोक सभा क्षेत्र हरिद्वार और ऋषिकेश देवभूमि उत्तराखंड का द्वार है और यह दुनिया का अध्यात्म का सबसे बड़ा केन्द्र है। यह कृषि और गन्ना उत्पादन के लिए देश में विख्यात है। मैं बहुत लम्बे समय से हरिद्वार जिले में इकबालपुर नहर के निर्माण की दिशा में, जहां गन्ना उत्पादन के लिए हरिद्वार विख्यात है।

हरिद्वार में ऐसी चार विधान सभाएं हैं, जिनमें झबरेड़ा है, कल्याण है, भगवानपुर है। हरिद्वार में ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों गांवों को लाभान्वित करने वाली इकबालपुर नहर है। सभापति जी, यह इकबालपुर नहर सिचांई की नहर है। लगभग 525 क्यूसेक पानी सिंचाई हेतु इस नहर में आएगा। 40 किलोमीटर लंबे और लगभग 600 करोड़ की लागत से बनने वाली यह नहर है।…(व्यवधान) यह लगभग 13180 हेक्टेयर भूमि को सिंचित करेगी, जिससे किसानों की आय और बढ़ेगी और कृषि के क्षेत्र में और गन्ने के क्षेत्र में पूरा क्षेत्र लाभान्वित होगा।…(व्यवधान) मैं समझता हूं कि सरकार ने जिस तरीके से किसानों के हितों के लिए बहुत असाधारण लक्ष्य रखे हैं।…(व्यवधान)

माननीय सभापति: आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री भैरों प्रसाद मिश्र, श्री कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और डॉ. कुलमणि सामल को डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।